दैनिक भास्कर
04 शनिवार, 07 मार्च 2020 नोएडा

सभी मेट्रो स्टेशनों पर मुफ्त मिलेगा सैनिटरी पैड्स

महिला दिवस से ग्रेटर नोएडा मेट्रो में सफर होगा खास

भास्कर न्यूज

नोएडा। आठ मार्च महिला दिवस के दिन से नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन (एनएमआरसी) में एक बदलाव होने जा रहा है। नोएडा मेट्रो में महिला दिवस से महिलाओं की सुविधा के लिए एक अच्छी पहल करने जा रहा है। नोएडा मेट्रो की एक्वा लाइन के सभी स्टेशनों पर सैनिटरी पैड्स मुफ्त उपलब्ध कराएं जाएंगे। प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी और एनएमआरसी की प्रबंध निदेशक रितु माहेश्वरी ने बताया कि पिंक स्टेशनों पर बेबी-फीडिंग रूम, डायपर-चेंजिंग फैसिलिटी और एक वैनिटी-कम-चेंजिंग रूम की सुविधा मिलेगी। पिंक स्टेशनों पर पूरी तरह से विमन स्टाफ होगा। आउटसोर्स की जाने वाली सिक्यॉरिटी के अलावा, इन स्टेशनों पर पूरा स्टाफ महिला होगा। यह खास तैयारी महिला दिवस के लिए की जा रही है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा मेट्रो के सभी 21 स्टेशनों पर सैनिटरी पैड्स के लिए वेंडिंग मशीनें लगेंगी। उन्होंने बताया कि 'मेट्रो से जाने वाला कोई भी यात्री मेट्रो स्टेशन से टोकन लेकर वेंडिंग मशीन से मुफ्त में एक सैनिटरी पैड ले सकेगा।' मैन्स्ट्रुअल हायजीन को बढ़ाने के लिए इस मुहिम को रियल ऐस्टेट ग्रुप एसीई ने अपना सपोर्ट दिया है। कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा, 'एस ग्रुप का एक हिस्सा, एस स्टूडियो एक साल तक सैनिटरी पैड्स का पूरा खर्चा उठाएगी।'



एक्वा लाईन मेट्रो में सफर करतीं महिलाएं।

नोएडा की सीईओ और एनएमआरसी की प्रबध निदेशक रितु माहेश्वरी।

- बेबी-फीडिंग रूम, डायपर-चेंजिंग, वैनिटी-कम-चेंजिंग रूम की मिलेगी सुविधा
- पिंक स्टेशनों पर पूरा स्टाफ महिलाओं का होगा, वेंडिग मशीन सर्विसेज होगी शुरू

रितु माहेश्वरी सेक्टर 76 पिंक मेट्रो स्टेशन का करेंगी उद्घाटन

नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की मैनेजिंग डायरेक्टर रितु माहेश्वरी 8 मार्च को नोएडा सेक्टर 76 पिंक मेट्रो स्टेशन और वेंडिंग मशीन सर्विसेज का उदघाटन का उद्घाटन करेंगी। 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती पम्पी गौबा पत्नी राजीव गौबा कैबिनेट सचिव भारत सरकार और विशिष्ट अतिथि श्रीमती रीना टंडन पत्नी आलोक टंडन अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त उत्तर प्रदेश शासन होंगी। इस मौके पर एनएमआरसी की महिला कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

नोएडा मेट्रो के सभी 21 स्टेशनों पर 8 मार्च से फ्री में मिलेंगे सेनेटरी पैड

नोएड। नोएडा-ग्रेटर नोएडा मेट्रो के स्टेशनों पर मुफ्त में सेनेटरी पैड बांटने की तैयारी चल रही है। एक अधिकारी के मुताबिक सभी 21 मेट्रो स्टेशनों पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के दिन से फ्री में सेनेटरी पैड बांटे जाएंगे। नोएगा-ग्रेटर नोएडा मेट्रो की इस मूहीम का मकसद अधिक से अधिक महिलाओं को सेनटरी पैड का उपयोग करने के बारे में प्रोत्साहित करने का है। इससे पहले भी देश के कई शहरों में विभिन्न छोटी-छोटी संस्थाओं के द्वारा यह प्रयास किया गया है। कल ही आभार इंटरनेशनल एमीकेयर ने पिथौरागढ़ के जिला महिला अस्पताल में महिलाओं को निःशुल्क सेनेटरी पैड बांटे। इस दौरान महिलाओं को महिला स्वास्थ्य की जानकारी भी दी गई।